अंत्योदय संबल शिविरों में किसी स्तर पर लापरवाही सहन नहीं की जायेगी : कलेक्टर

- कलेक्टर ने कहा कि शिविरों के दौरान सत्यापन से लंबित सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स का शत-प्रतिशत सत्यापन के निर्देश दिए
- स्कूलों में प्रवेशोत्सव की जानकारी ली तथा लाभार्थियों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड बांटे

बीकानेर,(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने गुरूवार को सुरधना में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल योजना के तहत आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विभागवार समीक्षा की और कहा कि प्रत्येक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी अनिवार्य रूप से शिविरों में मौजूद रहें। उन्होंने कहा कि यह सरकार का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। इसमें किसी स्तर पर लापरवाही सहन नहीं की जायेगी।

जिला कलेक्टर ने कहा कि शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार हो। प्री-कैम्प को पूर्ण गंभीरता से आयोजित किया जाए। उन्होंने शिविरों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने के निर्देश दिए और कहा कि जलदाय और विद्युत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी ग्रामीणों की छोटी-छोटी समस्याओं का तत्काल निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि शिविरों की रिपोर्टिंग निर्धारित प्रारूप में समयबद्ध हो। शिविर प्रभारी इसकी मॉनिटरिंग करें।

जिला कलेक्टर ने कहा कि शिविरों के दौरान सत्यापन से लंबित सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स का शत-प्रतिशत सत्यापन करवाया जाए। स्कूलों के प्रवेशोत्सव की जानकारी ली और कहा कि सुनिश्चित करें कि गांव को कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहे। उन्होंने ग्रामीणों से भी इन शिविरों का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने का आव्हान किया। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं आपसी सहमति से विभाजन के दस्तावेज प्रदान किए। प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने पौधारोपण किया। इस दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल, उपखण्ड अधिकारी कुणाल राहड़, सहायक अभियंता मुकेश आहूजा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

आज यहां लगेंगे शिविर : पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जायेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बीकानेर के उदासर, मूंडसर, मोलानिया व खारा में, लूणकरनसर के नाथवाणा, राजपुरा हुडान व भाडेरा में, श्रीडूंगरगढ़ के सांवतसर, दुलचासर, देराजसर व टेऊ में, कोलायत के कोलायत, चाण्डासर व रावनेरी में, बज्जू के फूलासर बडा व गज्जेवाला में, पूगल के मैकेरी व हनुमाननगर में, छतरगढ़ के महादेववाली व सादोलाई में, खाजूवाला के कुण्डल व 7 पीएचएम में, नोखा के साईसर, धरनोक, बीकासर, नोखा गांव व साजनवासी ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जायेंगे।

वृद्धा फातमा की बंद पेंशन शुरू : वृद्धावस्था के कारण फिंगर प्रिंट न आने के चलते मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना के लाभ से वंचित फातमा पत्नी जमाल खां को उस समय घर बैठे राहत मिली, जब सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के प्रतिनिधि ने उसके घर पहुचंकर पेंशन का सत्यापन किया।

फातमा ने बताया कि उसे राज्य सरकार द्वारा दी जा रही पेंशन मिल रही थी। लेकिन वृद्धावस्था और बीमारियों के कारण वह अपना सत्यापन नहीं करवा पाई और पेंशन रूक गई। एक-दो बार जैसे-तैसे प्रयास किया लेकिन फिंगर प्रिंट नहीं आने के कारण सत्यापन नहीं हो सका। उसने बताया कि वृद्धावस्था में यह पेंशन राशि उसके लिए आत्म सम्मान का प्रतीक है, लेकिन इसके रूकने से उसे परेशानी होने लगी।

गुरूवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत सुधरना चौहानान में आयोजित शिविर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा पेंशन से वंचित लोगों की समीक्षा की गई, तो सामने आया कि सत्यापन के अभाव में फातमा की पेंशन रूक गई है। शिविर प्रभारी ने इस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक प्रोग्रामर विश्वजीत को फातमा के आवास पर भेजा और फातमा की पेंशन का सत्यापन कर दिया।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की संवेनदशील पहल पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत बुधवार तक जिले के 207 स्थानों पर शिविर आयोजित शिविरों ने अंतिम छोर तक बैठे हजारों जरूरतमंद नागरिकों को संबल दिया गया है।

जिले में आयोजित इन शिविरों में राजस्व विभाग द्वारा सीमाज्ञान के 1 हजार 622, पत्थरगढ़ी के 25, लंबित कुर्रेजात रिपोर्ट तैयार करने के 40 प्रकरणों का निस्तारण कर आमजन को राहत दी है। स्वत: नामांतरण से शेष रहे 1 हजार 2, राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा (2) से शेष 79 तथा उत्क के अतिरिक्त शेष रहे सभी में से 1 हजार 446 प्रकरणों का निस्तारण किया गया है। इसी प्रकार रास्ते से जुड़े 418, आपसी सहमति से विभाजन के 605 तथा बजट घोषणा में भूमि आवंटन के 9 प्रकरणों का निस्तारण किया गया है।

कपड़ा व्यापारी के घर से लाखों के जेवर चोरी

बीकानेर, (कासं)। यहां कपड़ा व्यवसायी के यहां चोरी हो गई। शहर के जयनारायण व्यास कॉलोनी में भी एक घर में चोरी का मामला सामने आया है। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित कोचरों के चौक निवासी कपड़ा व्यवसायी नवरतन कोचर के घर में चोरी हुई है।

कोचर के बेटे श्रेयांस और सिद्धार्थ गुजरात के सूरत में कपड़े का व्यवसाय करते हैं। इन दिनों ये सभी सूरत थे और घर पर ताला लगा हुआ था। ऐसे में चोर पीछे से सोने चांदी के आभूषण ले गए। घर की मरम्मत का काम दो चार दिन पहले ही खत्म हुआ था। घटना का पता चलते ही पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मकान मालिक से बात की तो पता चला कि करीब दस से बारह लाख रूपये के गहने चोरी हुए हैं। इसमें अधिकांश गहने महिलाओं के थे। चोर खाली डिब्बे वहीं फैंक कर चले गए। कोचर परिवार के बीकानेर आने के बाद ही चोरी गए सामान की सही कीमत पता चल सकेगी।

जयनारायण व्यास कॉलोनी में एक बंद मकान से चोरी हुई है। पूनमचंद मेघवाल ने पुलिस को रिपोर्ट दी है कि वो 24 जून की शाम को परिवार के साथ बाहर गया था। वापस लौटने पर घर के अंदर ताले टूटे हुए मिले।

सार-समाचार

बेणीसर बारी के नाले में गिरी गाय

बीकानेर, (कासं)। नत्थूसर गेट से चूना भट्टा वाला मुख्य मार्ग के बेणीसर बारी की तरफ जाने वाले रास्ते पर स्थित नाले के पुन: निर्माण के लिए प्रशासन ने पिछले दो माह से खुला छोड़ रखा है जिसमें रोजाना पालतू और आवारा पशु असामयिक काल का ग्रास बन रहे हैं। शाम को भी एक गौवंश इस खुले नाले में गिर गया। स्थानीय गोसेवा युवा टीम के अमित सेवग, सुमित सोलंकी, सुरेन्द्र चूरा, राम सांखी, आनंद शर्मा, नीलेश आचार्य, मुकेश मारवाड़ी, अभिषेक व्यास, कमलेश भादाणी, विक्रम व्यास इत्यादि ने इस गौवंश को सुरक्षित नाले से निकाला। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन व नेताओं के प्रति रोष प्रकट करते हुए कहा कि विधायक जेठानंद व्यास के आवास के समीप यह हाल है तो बाकी वार्डों का क्या हाल होगा। गौरतलब है कि पूरे बीकानेर में सीवरेज का कार्य चल रहा जिससे शहर में हर तरफ के रास्ते खुदे हुए है और विशालकाय नाले खुले पड़े है जिससे आम इंसान का चलना दुर्भर हो रहा है। मानसून ने दस्तक दे रखी है तो खुले नालों और टूटी सड़कों पर कभी भी दुर्घटना घटित होना स्वभाविक है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि बेणीसर बारी से होते हुए बजरंग कॉलोनी से श्रीरामसर तक यह नाला जाता है। निगम प्रशासन को बेणीसर बारी और बजरंग कॉलोनी के इस नाले को अति शीघ्र बंद करवाना चाहिए।

बुजुर्ग महिला की हत्या का केस दर्ज

बीकानेर, (कासं)। यहां बजरंग धोरा निवासी बुजुर्ग महिला की हत्या करने का आरोप लगाते हुए मुक्ताप्रसाद पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। बजरंग धोरा कच्ची बस्ती निवासी पवन कुमार की ओर से इस्तगासे के जरिये मुक्ताप्रसाद पुलिस थाने में दर्ज करवाए गए मुकदमे में बताया गया है कि उसकी मां संतोष देवी के पास बहन रामी, गंगाशहर में कुम्हारों का मोहल्ला निवासी रामलाल, बजरंग धोरा निवासी धनसुख आते-जाते थे। इन लोगों ने मिलकर संतोष देवी की संपत्ति हड़पने के लिए जान से मारने की योजना बनाई। उसे खाने पीने में दस्त लगने की दवा दी और स्टाम्प पेपर पर हस्ताक्षर करवाए और अंगूठा लगवा लिया। दो माह पूर्व एकराय होकर पहुंचे तीनों आरोपियों ने घर में रखे 1.05 लाख रूपए, जेवरात और घर के कागजात ले लिए। संतोष देवी को इतना पीटा कि उसका पैर टूट गया। वह जान बचाकर भागी तो पड़ौस के लोग इकट्ठा हुए और आरोपी भाग गए। संतोष देवी ने थाने में शिकायत की और 22 अप्रैल को एसपी को परिवाद दिया। इस दौरान संतोष देवी को कैंसर हो गया और 27 अप्रैल को उसकी मृत्यु हो गई। आरोपियों ने परिवादी को भी धमकाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एसआई भवानी सिंह को सौंपी गई है।

रावला तहसील को खत्म करने की अटकलें, कांग्रेस का विरोध-प्रदर्शन

- सरकार द्वारा रावला तहसील के पटवार मंडलों की जानकारी मांगें जाने से क्षेत्र में हलचल मची

अनूपगढ़, (कासं)। राजस्थान सरकार द्वारा रावला तहसील के पटवार मंडलों की जानकारी मांगें जाने से क्षेत्र में हलचल मच गई है। स्थानीय लोगों को आशंका है कि सरकार तहसील को समाप्त करने की योजना बना रही है।

गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने रावला के अम्बेडकर पार्क में विरोध सभा का आयोजन किया। विधायक शिमला नायक ने सभा में कहा कि राजस्थान सरकार जिस तरह पहले अनूपगढ़ जिले को समाप्त किया। उसी तरह रावला तहसील को भी खत्म करना चाहती है। प्रदर्शनकारियों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इसमें रावला तहसील को यथावत रखने के साथ कई अन्य मांगें शामिल हैं।

अनूपगढ़ जिले को बहाल करने, राजफैड को बेची गई सरसों का भुगतान, पाले से नष्ट हुई फसल का मुआवजा और आईजीएनपी में सिंचाई पानी की मांग प्रमुख हैं।

अनूपगढ़, घडसाना और रावला के कांग्रेस कार्यकर्ताओं, व्यापारियों, मजदूरों और विभिन्न संगठनों ने इस विरोध में भाग लिया। विधायक शिमला नायक ने चेतावनी दी कि अगर सरकार मांगें नहीं मानती है तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। इस मौके पर विधायक शिमला नायक ने स्थानीय भाजपा नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि बड़े शर्म की बात है कि राजस्थानी भाजपा की सरकार है और सारे भाजपा नेताओं को जनता की सही बात को सरकार तक पहुंचना चाहिए मगर स्थानीय भाजपा नेता हर मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल का अनूपगढ़ दौरा था। दौरे के दौरान उन्होंने कहा कि अनूपगढ़ जिले में तहसीलें कम होने के कारण इसे निरस्त किया गया है। विधायक ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि डीडवाना जिला भी नॉर्म्स पूरे नहीं करता मगर फिर भी वह जिला है। विधायक ने कहा कि अर्जुन मेघवाल बीकानेर लोकसभा से चार बार सांसद बन चुके हैं।

मारपीट कर बहू को बच्चों सहित घर से निकाला

श्रीडूंगरगढ़, (कासं)। श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के गांव कल्याणसर पुराना निवासी एक महिला ने पति सहित ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग को लेकर मारपीट, दहेज प्रताड़ना और जानलेवा हमले का आरोप लगाया है।

पीड़िता सुगना देवी ने बताया कि उसकी शादी 20 मई, 2010 को देवीलाल जाट के साथ जाखासर गांव में हुई थी। शादी के बाद से ही वे और दहेज की मांग के लिए उसे परेशान करने लगे। उसका पति देवीलाल नशा करता है। नशे की हालत में सास-ससुर के साथ मिलकर उस पर हमला किया। बेहोश होने पर उसे ढाणी से दूर घसीटकर फेंक दिया। सूचना पर उसका भाई मौके पर पहुंचा और उसे अस्पताल ले गया। आरोपी उसके पीहर जाखासर पहुंचे और वहीं पर दोबारा मारपीट की।

बदमाशों ने युवक को सरियों से पीटा

- घायल युवक की गाड़ी को बदमाशों ने अपनी बोलेरो से टक्कर मारी

बीकानेर,(कासं)। जयनारायण व्यास कॉलोनी में गुरूवार दोपहर एक युवक पर दो बोलेरो में सवार होकर आये बदमाशों ने दिन दहाड़े सरियों से पीट दिया। इतना पीटा कि वो घायल होकर सड़क पर गिर गया। बदमाश यहीं पर नहीं रूके, घायल की बोलेरो गाड़ी को अपनी बोलेरो से जोर से टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। दिन दहाड़े हुई इस घटना के कारणों का अब तक खुलासा नहीं हो पाया है।

जयनारायण व्यास कॉलोनी में सड़क पर ही बदमाशों का तांडव देखने को मिला। यहां बोलेरो गाड़ीं में सवार एक युवक को जबरन रोका गया। पीछे से आ रही दो बोलेरो गाड़ी में सवार बदमाश नीचे उतरे और मारपीट शुरू कर दी। युवक को सड़क पर पटककर उस पर दो-तीन बदमाशों ने एक साथ हमला कर दिया। सरियों से वार पर वार करते रहे। घायल अवस्था में युवक को वहीं छोड़कर अपनी अपनी बोलेरो में भाग गए।

मौके से भागने से पहले घायल की गाड़ी को जोर से टक्कर मार दी। घायल युवक को बाद में वहां से निजी अस्पताल ले जाया गया। घायल का नाम भी अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। जयनारायण व्यास कॉलोनी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मौके पर मिली गाड़ी को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया है लेकिन हमलावरों की दोनों गाड़ियां अब तक पकड़ में नहीं आई है।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक:- नियोजन/2025/773 **विज्ञप्ति** दिनांक : 13/06/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 13/14 किला नं. 1, 2, 3, 8 ता 13, 18 ता 23 में भूखण्ड माप 23900 वर्गगज भूमि का उपखण्डाधिकारी (भू.क.), श्रीगंगानगर द्वारा आवासीय पट्टा सं. 1274 दिनांक 16.04.1999 द्वारा अरुणा, सेठ गिरधारी लाल बिहानी सनातन धर्म, शिक्षा ट्रस्ट श्रीगंगानगर के नाम से जारी है। उक्त आवासीय रूपान्तरित भूखण्ड में से भूखण्ड संख्या ए-104 भूखण्ड माप 40'-0'' गुणा 60'-0'' फीट का नामान्तरण नियमन/2017-18/674 दिनांक 23.08.2017 द्वारा श्री प्रदीप अग्रवाल पुत्र श्री के.बी. राय अग्रवाल निवासी 6-ई-05 जवाहरनगर, श्रीगंगानगर के नाम से नामान्तरण पत्र जारी है। उक्त भूखण्ड संख्या ए-104 भूखण्ड माप 2400 वर्गफीट का नियमानुसार कार्यवाही उपरान्त ऑनलाईन नामान्तरण क्रमांक SGNR/FY23-24/MUT/1247 दिनांक 18.06.2024 द्वारा श्रीमती रिचू अग्रवाल पत्नी श्री प्रदीप कुमार अग्रवाल के नाम से नामान्तरण आदेश जारी है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड का आवासीय से वाणिज्यिक भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 अनुसार एवं जोनल प्लान अनुसार प्रश्नगत क्षेत्र का भू-उपयोग आवासीय हेतु आरक्षित है। नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर की अधिसूचना क्रमांक प. 11 (8) नविवि/2020 दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियों की तालिका सं. 10 के अनुसार मास्टर प्लान/जोनल प्लान में 18 मीटर व उससे अधिक चौड़ाई की सड़कों के दोनों ओर सड़क की चौड़ाई का 1.5 गुणा तक मिश्रित भू उपयोग मोघे ही अनुमत है। मास्टर प्लान 2017-35 एवं राजस्थान भवन विनियम 2020 के प्रावधानों के अनुसार मिश्रित भू उपयोग में वाणिज्यिक भू उपयोग अनुज्ञेय है। राजस्थान सरकार नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन नियम, 2010, अधिसूचना दिनांक 28.10.2010, दिनांक 24.02.2021, दिनांक 06.11.2024 एवं अधिसूचना दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां (Development Promotion & Control Regulations) के अनुसार पट्टे/लीजडीड में उल्लेखित उपयोग से चाहा गया परिवर्तित उपयोग दोनों ही मास्टर प्लान/जोनल डवलपमेंट प्लान के भू-उपयोग में (DPCR) के अनुसार अनुज्ञेय (पर्मिटेड) उपयोग में आने एवं तकनीकी मापदण्ड पूर्ण होने के कारण विधायीय अधिसूचनाओं के तहत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास कार्यालय में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड का आवासीय रूपान्तरित से मिश्रित (वाणिज्यिक) प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। - सचिव, नगर विकास न्यास

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/4151 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 3.7.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनन कामरा पुत्र स्व. श्री रोहित कामरा जरिये संरक्षक दादा श्री नारायण दास कामरा पुत्र श्री दामोदर दास कामरा निवासी वार्ड नं. 08 अनूपगढ़, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 4 एमएल मुरब्बा नं. 71 किला नं. 25 में माप 50 इंटू 90 फीट भू.सं. सी-08, श्री नाथ इन्कलेव, श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का नियमन पट्टा सं. 12077 दिनांक 31.8.2021 को श्रीमती शिखा पत्नी श्री रोहित, श्री रोहित कामरा पुत्र श्री नारायण दास के नाम से जारी किया हुआ है।	श्री मनन कामरा पुत्र स्व. श्री रोहित कामरा जरिये संरक्षक दादा श्री नारायण दास कामरा पुत्र श्री दामोदर दास कामरा द्वारा उक्त भूखंड को पंजीकृत दस्तवदारी दि. 3.2.2025 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखंड के नामांतरण हेतु न्यास में ऑनलाइन आवेदन किया गया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री मनन कामरा पुत्र स्व. श्री रोहित कामरा जरिये संरक्षक दादा श्री नारायण दास कामरा पुत्र श्री दामोदर दास कामरा निवासी वार्ड नं. 08 अनूपगढ़, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पूछा दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/321 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

NSO INDIA Data for Development | 75 National Sample Survey Celebrating 75 years of NSS

भारत में रोग की व्यापकता और स्वास्थ्य सेवा का आकलन

आइए, राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणाली को मजबूत करें

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय जनवरी से दिसंबर 2025 तक घरेलू स्वास्थ्य व्यय पर सर्वेक्षण कर रहा है।



संग्रहीत की जा रही जानकारी:

- रोगों के प्रकार
- प्राप्त उपचार
- उपचार टीकाकरण की लागत
- स्वास्थ्य बीमा का कवरेज
- प्रसव-पूर्व और प्रसव-पश्चात देखभाल

CBC 39101/13/0001/2526

परिवारों से अनुरोध है कि वे राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के गणनाकर्ताओं के साथ सहयोग करें और सटीक डेटा प्रदान करें। सर्वेक्षण में भाग लेने वाले परिवारों की पहचान सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की सभी रिपोर्टों/माइक्रोडेटा में गोपनीय रखी जाती है।

www.mospi.gov.in @GoIStats /GoIStats GoIStats Ministry of Statistics & PI